# St. Claret College

**Autonomous, Bengaluru**

**UG END SEMESTER EXAMINATION-MAY 2025**

**B.SC. / BCA II SEMESTER**

**HNS 224: हिंदी पद्य, फिल्म समीक्षा एवं संक्षेपण**

| Roll No: |
|---|
| Date: |

1

**TIME: 3 hours.** **MAX. MARKS: 80**

**This paper contains 03 printed pages and 06 Sections**

**Instructions:**
1. Verify and ensure that the question paper is completely printed.
2. Any discrepancies or questions about the exam paper must be reported to the HOD within 1 hour after the examination.
3. Students must check the course title and course code before answering the questions.

## SECTION-I

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए :** **[10x1=10]**

1. साधु से क्या पूछना चाहिए ?
2. साँप को दूध पिलाने का क्या परिणाम होता है?
3. महादेवी वर्मा ने अपने आने और जाने को कैसे व्यक्त किया है?
4. दिनकर ने जनता की शक्ति को किसके माध्यम से व्यक्त किया है?
5. इन्दुमती के मृत्यु शोक पर कौन रोया था?
6. नागार्जुन के अनुसार अमल-धवल गिरि के शिखरों पर कौन सोया था?
7. अज्ञेय ने नदी को क्या माना है?
8. भवानी प्रसाद मिश्र किससे मिलकर दीन हो जाते हैं?
9. रामदास की हत्या किससे की गई?
10. 'रामदास' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए ।

ST. CLARET COLLEGE LIBRARY Bengaluru-13 AUTONOMOUS

## SECTION-II

**किन्हीं दो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए:** **[2x7= 14]**

11. काल करे सो आज कर, आज करे सो अब ।

    पल में प्रलय होएगी, बहुरि करेगा कब ॥

12. भले बुरे सब एक से, जौ लौं बोलत नाहिँ ।
    जान परतु है काक-पिक, ऋतु बसंत का माहिँ ॥

13. माँ है वह ! है, इसी से हम बने हैं ।
    किंतु हम हैं द्वीप। हम धारा नहीं हैं ।
    स्थिर समर्पण है हमारा। हम सदा से द्वीप हैं स्रोतस्विनी के ।
    किंतु हम बहते नहीं हैं। क्योंकि बहना रेत होना है ।
    हम बहेंगे तो रहेंगे ही नहीं। पैर उखड़ेंगे । प्लवन होगा । ढहेंगे । सहेंगे । बह जाएँगे ।

## SECTION-III

**किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए :** **[1x15=15]**

14. 'कालिदास सच-सच बतलाना' कविता में नागार्जुन ने किन-किन घटनाओं का उल्लेख किया है? विस्तार से उल्लेख कीजिए ।

15. 'जनतंत्र का जन्म' कविता का सार लिखते हुए, उसकी विशेषताएँ बताइए ।

## SECTION-IV

**किन्हीं तीन विषयों पर टिप्पणी लिखिए :** **[3x7=21]**

16. रामदास की हत्या

17. साधारण जीवन का आनंद

18. मैं नीर भरी दुःख की बदली

19. नदी के द्वीप

20. वृन्द के दोहो में नैतिक मूल्य

## SECTION-V

**किन्हीं एक फिल्म की समीक्षा लिखिए :** **[1x10=10]**

21. 'परिणीता'

22. 'श्रीकांत'

## SECTION-VI

**दिए गए अनुच्छेद का उचित शीर्षक देते हुए संक्षेपण कीजिए :** **[1x10=10]**

23. खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक हो हैं। खेलों से अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित होता है। शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है और अनेक बीमारियों से बचा रहता है। खेलों से बच्चों और युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना जाग्रत होती है, जिससे वे जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी जैसे खेल न केवल मनोरंजन प्रदान करते हैं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव भी बढ़ाते हैं। आज के डिजिटल युग में ख़ेलों का महत्व और भी बढ़ गया है, क्योंकि वे हमें सक्रिय रखते हैं और तनाव को कम करने में सहायक होते हैं। अतः हमें अपने दैनिक जीवन में खेलों को अवश्य शामिल करना चाहिए।